दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका   संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916   सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 330 | छतरपुर, सोमवार 01 जुलाई 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# नवीन आपराधिक नियमों के बारे में समस्त जिले के थाना चौकी क्षेत्र अन्तर्गत जनसंवाद कर पंपलेट वितरित कर दी जा रही जानकारी

## नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनसंवाद के माध्यम से किया जा रहा जागरूक, सामुदायिक स्थलों, दुकानों एवं यात्री वाहन में लोगों को किए गए पेंपलेट वितरण







छतरपुर दिनांक 1 जुलाई 2024 से नवीन अपराधिक अधिनियम के तीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होने जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत संबंधित पुलिस अधिकारियों को नवीन अपराधिक नियम की जानकारी देते हुए जागरूक निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण थाना एवं चौकी क्षेत्र में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। सामुदायिक स्थलों जैसे बस स्टैंड धर्मशाला में जनमानस से संवाद कर नए कानून के बारे में बताया जा रहा है। यात्री वाहनों में पंपलेट चस्पा किये जा रहे हैं, साथ ही यात्रियों से संवाद करते हुए पम्पलेट वितरित किए जा रहे हैं। दुकानों शोरूम इत्यादि स्थानों पर निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जन संवाद करते हुए नए कानून के बारे विस्तृत चर्चा की जा रही है। अपराध के शिकार महिला और बच्चों को सभी अस्पतालों में फर्स्ट एड या इलाज निशुल्क मिलने की गारंटी होगी। चुनौती भरी परिस्थितियों में भी पीडित जल्द ठीक हो सकेंगे।

गवाहों की सुरक्षा व सहयोग के लिए सभी राज्य सरकारें विटनेस प्रोटेक्शन प्रोग्राम लागू करेंगी। दुष्कर्म पीडिताओं को आडियो-वीडियो माध्यम से पुलिस के समक्ष बयान दर्ज करने की छूट मिलेगी।

नए कानून में मामूली अपराधों के लिए दंडस्वरूप सामुदायिक सेवा की विधा शुरू। समाज के लिए सकारात्मक योगदान देकर दोषी अपनी गलतियों को सुधारने का काम करेगा।

सुनवाई में देरी से बचने और न्याय की त्वरित बहाली के लिए कोई अदालत किसी मामले को अधिकतम दो बार ही स्थगित कर सकेगी। सभी कानूनी कार्यवाही इलेक्ट्रानिक माध्यमों से हो सकेगी।

पीड़ित महिला की अदालती सुनवाई महिला मजिस्ट्रेट ही करेगी। अन्यथा संवेदनशील मामले में किसी महिला की उपस्थिति में पुरुष मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज होगा।

15 साल से कम आयु, साठ साल से अधिक और दिव्यांगो व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन में पेश होने से छूट होगी। उन्हें पुलिस की मदद अपने निवास स्थान पर ही मिलेगी।

# पिछले साल की तुलना में 20 इंच कम हुई है बारिश

## बिलंब से सक्रिय हुआ मानसून, झमाझम बारिश का इंतजार

छतरपुर। प्रशासन द्वारा एक जून से बारिश के आंकड़े इकट्ठे किए जाते हैं। इन आंकड़ों में प्री मानसून की बारिश भी शामिल होती है। एक दिन के आंकड़ों में बीते रोज नौगांव में झमाझम बारिश हुई। 30 जून के वर्षा के आंकड़े के आधार पर नौगांव में दो इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है। हालांकि लवकुशनगर, राजनगर, गौरिहार में बूंदाबांदी हुई है। बक्स्वाहा में डेढ़ इंच बारिश दर्ज की गई है। एक जून से 30 जून तक कुल 29.3 इंच बारिश हुई है जबकि इसी अवधि में गत वर्ष 49 इंच बारिश दर्ज की गई थी।



जानकारी के मुताबिक मौसम विभाग द्वारा 22 जून से मानसून के सक्रिय होने का अनुमान जताया गया था लेकिन बारिश 25 जून के बाद प्रारंभ हुई। लेकिन अभी भी लोगों को झमाझम बारिश का इंतजार है। भू अभिलेख अधीक्षक कार्यालय से वर्षामापी यंत्रों के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नौगांव में एक दिन में 2 इंच बारिश दर्ज हुई जबकि बक्स्वाहा में डेढ़ इंच बारिश हुई है। आसमान में बादलों का डेरा है लेकिन काले बादल बूंदाबांदी कर रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अच्छी बारिश की पूरी संभावनाएं बनी हुई हैं लेकिन कहां कैसी बारिश हो रही है इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। पिछले साल की तुलना में वर्तमान स्थिति में बारिश का आंकड़ा करीब 20 इंच पीछे चल रहा है। जिले में औसतन 42 इंच बारिश होती है अभी तो सिर्फ 3.7 इंच बारिश हुई है। अब तक सबसे ज्यादा राजनगर में 9.3 इंच बारिश दर्ज की गई है जबकि सबसे कम 0.7 इंच बारिश लवकुशनगर में हुई है। छतरपुर में 3.2 इंच, बिजावर में 3.5 इंच, नौगांव में 4.7 इंच, गौरिहार में 2.2 इंच, बड़ामलहरा में 1.2 इंच और बक्स्वाहा में 4.4 इंच बारिश दर्ज की गई है। बारिश होने से किसान खरीफ की फसलों की बुवाई करने में जुट गए हैं।

# महिला के साथ मारपीट करने वाला युवक गिरफ्तार

## वीडियो वायरल होने पर हुई यह कार्रवाई

छतरपुर। विगत दिवस महिला के साथ एक व्यक्ति द्वारा मारपीट करने का वीडियो वायरल हुआ था। छतरपुर पुलिस के संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने संबंधित पुलिस अधिकारी को आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। वायरल वीडियो की पड़ताल की गई।



थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत डाकखाना के पास पीड़िता महिला के साथ आरोपी रवि रैकवार उम्र 22 साल निवासी देरी रोड छतरपुर द्वारा मारपीट की गई थी। आरोपी के विरुद्ध गाली गलौज, मारपीट जैसी विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त आरोपी रवि रैकवार को शीघ्र ही गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा कहासुनी एवं मारपीट करना बताया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर, थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे व पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संपादकीय

# आतंक का संरक्षक बन रहा है कनाडा


कनाडा की छवि भी आतंकवाद के संरक्षक देश की बनती जा रही है। कनाडा प्रकारांतर से आतंकवाद का समर्थन करते दिखाई दे रहा है। विशेषकर भारत के संबंध में उसका रुख निंदनीय है। एक ओर कनाडा भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग हेतु संबंधों को प्रगाढ़ करना चाहता है वहीं दूसरी ओर भारत के खिलाफ साजिश में शामिल आतंकी तत्वों को संरक्षण देता है। यहां तक कि कनाडा का नेतृत्व आतंकी तत्वों की वकालत करने और उनके प्रति सहानुभूति प्रकट करने में भी संकोच नहीं करता है। यहां स्पष्ट रूप से कहना होगा कि कनाडा धीरे-धीरे उन देशों में शामिल हो गया है, जो अपनी विदेश एवं रक्षा नीति के एक तत्व के रूप में आतंक का इस्तेमाल करते हैं। फिर भी ऐसे देश दूसरों को लोकतंत्र, शांति और मानवाधिकार का पाठ पढ़ाने की चेष्टा करते हैं। कनाडा के ऐसे रवैये से क्षुब्ध होकर भारत ने कहा है कि वहां हो रहा आतंकवाद का निरंतर महिमामंडन अत्यंत निंदनीय है। वर्ष 1985 में एयर इंडिया के कनिष्क विमान को बम विस्फोट से तबाह करने की घटना के 39 वर्ष होने के अवसर पर कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने यह भी कहा है कि कनाडा में आतंक की प्रशंसा करने वाले आयोजनों को अनुमति देना दुर्भाग्यपूर्ण है। शांति के पैरोकार सभी देशों और लोगों को ऐसे कृत्यों की भर्त्सना करनी चाहिए। कनिष्क बम कांड कनाडा में बसे खालिस्तानी आतंकियों की करतूत थी, जिसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गये थे। मृतकों में 86 बच्चे भी थे। हैरानी होती है कि कनाडा इस प्रकार के नृशंस खालिस्तानियों का समर्थन करता है। कनिष्क बम कांड की स्मृति में कार्यक्रम होने देना, एक प्रकार से घिनौने आतंकवाद का समर्थन करना ही है। उल्लेखनीय है कि आज भी कनाडा, अमेरिका और कुछ अन्य पश्चिमी देशों में पनाह लिये आतंकी एवं अलगाववादी ऐसे हमलों की सराहना करते हैं तथा भारत विरोधी कार्यक्रम करते रहते हैं। इतना ही नहीं, चार दशक बाद भी इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को कनाडा सजा नहीं दे सका है। शांति एवं लोकतंत्र का समर्थक कहने वाले देश कनाडा की संसद में कुछ दिन पहले खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर को श्रद्धांजलि दी गयी, जिसकी हत्या पिछले साल जून में हुई थी। इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भारत ने कनाडा से कहा है कि जो लोग भारत के खिलाफ अभियान चला रहे हैं और हिंसा की वकालत कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। आज विश्व में भारतीय मूल के लोग सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय हैं। जिस भी देश में वे हैं, वहां के विकास में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। इस कारण हर जगह उनका बड़ा सम्मान भी है। लेकिन उन देशों में कुछ भारत-विरोधी तत्व समुदाय की एकता और भाईचारे को तोड़ने में लगे हैं। ऐसे गिरोह अमेरिका और कनाडा से लेकर ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया समेत अनेक देशों में सक्रिय हैं। इन देशों की सरकारें भारत के लगातार अनुरोध के बाद भी रोक नहीं रही हैं। भारत को धमकी देने की प्रवृत्ति और भारतीयों पर हमलों की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि राजनीतिक लाभ के हिसाब से आतंक, अतिवाद और हिंसा को नहीं देखा जाना चाहिए तथा दूसरे देशों की एकता एवं अखंडता का पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। स्मरण रहे कि भारत के प्रयासों के बाद आज बड़ेङ्कबड़े देश भी आतंकवाद के खतरे को स्वीकारने लगे हैं। आतंकवाद वैश्विक स्तर पर मानवता के समक्ष एक बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है।


# लोकप्रियता पाने की ब्रज में मची होड़

## राधा और कृष्ण के भक्त आपस मै भिड़े

आलोक तिवारी

***परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। मीडिया में सुर्खिया बटोरना हर कोई चाहता है मुद्दा कुछ भी हो सुर्खिया जरूर होनी चाहिए, इन दिनों मथुरा ब्रज मंडल और यहां के विद्वान, संत महात्मा चर्चा मै बने हुए है अभी पंडित प्रदीप मिश्रा के बाद अब एक और संत चर्चाओं में है, दरअसल, श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष ने संत प्रेमानंद महाराज पर बड़ा आरोप लगाया है उन्होंने प्रेमानंद महाराज की किडनियों को ठीक बताते हुए उन पर फर्जी ड्रामा करने का आरोप लगाया है, यहां तक की आशुतोष पाण्डेय ने उन्हें ठग बता दिया है।***




मथुरा, उत्तर प्रदेश
पत्रांक 267/2024/श्री०कृ०ज०
पूज्य संत प्रेमानंद जी महाराज,
वृंदावन मथुरा।
पूज्य संत आपका संत होने के नाते सम्मा
जानना चाहता हूं कि धर्म के नाम पर ढोंग क्यों आप भगवा
की आवाज आज तक नहीं उठा पायें। आप फर्जी ड्रामा
खराब है, यदि सच में ही आपकी किडनी खराब है तो सार्व
शासकीय अस्पताल में इसका चेकअप करा कर सार्वज
अन्यथा यह ढोंग बंद करें। आप जैसे संत भगवान श्री कृष्ण
कर रहे हैं। आप लोगों को भगवान श्री कृष्ण जन्म भूमि की
न्यायालय तक लड़नी चाहिए और लड़ने वालों का सहयोग
अतः आपसे सादर अ
दिन के अंदर सरकारी अस्पताल में चेकअप करा कर सार्व
जारी करें। यदि आपके द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो
माननीय न्यायालय में जाने के लिए बाध्य होंगे।
धन्यवाद
श्री कृष्ण जन्मभूमि बनाम
अध्यक्ष, श्री कृष्णजन्म भूमि
सिद्धपीठ माता श
भृगुवंशी आ
मोबाइल 995600

जानकारी के मुताबिक, ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय ने प्रेमानंद महाराज को एक पत्र लिखा है. इस पत्र में लिखा है कि, 'संत होने के नाते सम्मान करते जानना चाहता हूं कि धर्म के नाम पर ढोंग क्यों आप भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमि की आवाज आज तक नहीं उठा पाएं, आप फर्जी ड्रामा कर रहे हैं कि किडनी खराब है, यदि सच में ही आपकी किडनी खराब है तो सार्वजानिक रूप से किसी शासकीय अस्पताल में इसका चेकअप करा कर सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करें, अन्यथा यह ढोंग बंद करें आप जैसे संत भगवान श्री कृष्ण के नाम पर ठग विद्या कर रहे हैं।

आशुतोष पाण्डेय ने आगे लिखा है कि आप लोगों को भगवान श्री कृष्ण जन्म भूमि की लड़ाई जमीन से लेकर न्यायालय तक लड़नी चाहिए और लड़ने वालों का सहयोग करना चाहिए', इसके बाद उन्होंने लिखा है कि 'आपसे सादर अनुरोध है कि आप 30 दिन के अंदर सरकारी अस्पताल में चेकअप करा कर सार्वजनिक रूप से रिपोर्ट जारी करें. यदि आपके द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो हम आपके विरुद्ध भी माननीय न्यायालय में जाने के लिए बाध्य होंगे'. आशुतोश ने प्रेमानंद महाराज को 30 दिनों का समय दिया है, अब देखना दिलचस्प होगा कि इस पूरे मामले में प्रेमानंद महाराज क्या जवाब देते हैं?

# थाना परिसर और थाना अंतर्गत में हुई नए कानून को लेकर बैठक






राकेश सिंह

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर। मध्य प्रदेश समेत पूरे भारत में तीन नए आपराधिक कानून (New Criminal Lawa) लागू होने वाले हैं। एक जुलाई से पूरे देश में तीन नए कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) लागू हो जाएंगे। नए कानूनों में ऐसे कई प्रविधान किए गए हैं जो न्याय की अवधारणा को मजबूत करते हैं।

अब न्यायालय में लंबित आपराधिक मामलों को वापस लेने के लिए पीड़ित को कोर्ट में अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिलेगा। न्यायालय पीड़ित को सुनवाई का अवसर दिए बिना मुकदमा वापस लेने की सहमति नहीं देगा। इसके लिए फारेंसिक साक्ष्यों का उपयोग भी अधिक से अधिक सुनिश्चित कराया जाएगा जिसमें कानूनों का तुलनात्मक विवरण होगा। नए कानून में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से गवाही कराने के भी व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। जिसको लेकर अनुविभाग अंतर्गत लवकुश नगर थाना परिसर में रखी गई शांति समिति की बैठक जिसमें नए कानून के बारे में सभी को जागरूक किया गया जिसमे मौजूद रहे लवकुश नगर एसडीओपी नवीन दुबे, टी आई प्रशांत सेन,नगर के समाज सेवी,पत्रकार, उपस्थिति रहे तो वही इसी तरह से थाना जुझारनगर अंतर्गत देहात एवं कस्वा में नए कानूनी प्रावधानों को लेकर आज लोगों के बीच जाकर जनसंवाद किया गया जिन्हें नए कानून के संबंध में बताया गया।

# करणी सेना का क्षत्रिय युवा सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न




तुलसीदास सोनी

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष बुंदेला धीरू राजा द्वारा क्षत्रिय युवा सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें करणी सेना की कार्यकारिणी के सदस्यों एवं समाज हित का काम करने वाले युवाओं को छत्रसाल की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।




ज्ञात हो कि धीरू राजा समाज के लिये लगातार काम करते रहते हैं जिस कारण लोग इनसे प्रभावित होकर करणी सेना से जुड़ रहे हैं। इस सम्मान समारोह में करणी सेना के संरक्षक अमर प्रताप सिंह, के,पी,राजा, शिव प्रताप सिंह बुंदेला, अशोक राजा, करन राजा, अमित, राजा रोहित राजा शुभम राजा, युवराज सिंह, आकाश सिंह, निक्की राजा, बंटी राजा, मानवेन्द्र सिंह, रिंकू राजा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस सम्मान समारोह में करणी सेना के द्वारा कई विषयों पर चर्चा की गयी।

# भाजपा नेताओं ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात सुनी

छतरपुर 30 जून। प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को आज छतरपुर जिले के 24 मंडलों के लगभग सभी बूथों पर सुनी गई। भाजपा के मीडिया प्रभारी अरविन्द बुंदेला ने बताया नगर मण्डल छतरपुर के अंतर्गत भाजपा कार्यालय बूथ क्रमांक 182 पर जिला अध्यक्ष श्री चन्द्र भान सिंह गौतम जी की विशेष उपस्थिति में हम सभी लोगों ने माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात सुनी। मन की बात के उपरान्त ब्रक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता जय राम चतुर्वेदी जिला महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला कार्यालय मंत्री अरविंद त्रिपाठी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की अवधेश यादव प्रियंका रश्मि साहू जोगी झोपड़ी जयपुर के जिला संयोजक श्री त्रिपाठी सुदीप पाण्डेय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नए आपराधिक कानून के लिए सागर पुलिस पूरी तरह तैयार रहकर, आमजन को भी कर रही है इसके प्रति जागरूक




परिहार गर्जना न्यूज। सागर / भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी 1 जुलाई 2024 से नवीन आपराधिक कानून 2023 लागू हो रहे है, जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु सागर पुलिस के समस्त अधिकारी/कर्मचारी भी पूरी तरह से प्रशिक्षित होकर कार्यवाही करें तथा आमजन भी इस संबंध में जागरूक रहे, सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समस्त अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यशालाएं व आम जनता में भी इसका प्रचार प्रसार हेतु कार्यवाही के दिशा-निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में विगत दिनों से लगातार पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए आपराधिक कानून-2023 की प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है साथ ही आम नागरिकों के बीच जाकर भी नए कानून के विभिन्न प्रावधान व सुविधाओं के बारें में प्रचार प्रसार किया जा रहा छात्र, छात्राओं को नवीन आपराधिक कानूनों के विभिन्न प्रावधानों के बारें में विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है।

पुलिस टीम ने सभी को बताया कि तीनों नवीन कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाये गए है। इसमें महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में पीड़ितों की समस्याओं को केंद्र में रखकर, अपराधियों के लिए और कड़ी सजा आदि पर ध्यान दिया गया है। कही पर भी घटना होने पर परिस्थिति वश कही पर भी FIR की सुविधा तथा E-FIR का भी प्रावधान है ।

नये कानून में डिजिटल साक्ष्य, फोरेंसिक साक्ष्यों के महत्व को बढ़ाया गया है एवं हर चीज की समय सीमा को निर्धारित किया गया है कि, कितने समय में विवेचना पूर्ण करके चार्ज शीट पेश करना है और केस की अपडेट पीड़ित को समय सीमा में दी जाएगी। गवाह व पीड़ित आदि के बयान की वीडियो ग्राफी तथा बयान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लेने की भी प्रक्रिया है। पुलिस टीम ने उन्हें नए व पुराने कानूनों के तुल्नात्मक चार्ट और प्रावधानों को पीपीटी व पोस्टर आदि के माध्यम से समझाया ।

इसी अनुक्रम में सागर पुलिस द्वारा लगातार पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न एप जैसे ई साक्ष्य ,ई संकलन आदि के बारे में भी जानकारी दी गई है एवं सभी कर्मचारियों के मोबाइल में इसको डाउनलोड भी करवाया गया है।

साथ ही आमजन को भी इसका ज्ञान हो इसको ध्यान में रखते हुए सागर जिले के सभी थानो मे भारतीय न्याय संहिता एंव भारतीय दण्ड संहिता के तुलनात्मक विवरण के पोस्टर लगाये गये ताकि थाने पर आने वाले किसी भी फरियादी एंव आमजन को नवीन अपराधिक कानून की विभिन्न धाराओं व प्रावधान के बारे में जानकारी रहे और वे किसी भी प्रकार से भ्रमित ना रहे।

# आचवल वार्ड में हुआ विकास कार्यो का भूमि पूजन





**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना नगर पालिका के आचवल वार्ड में बी.टी. लागत राशि 08.56 लाख रुपए एवं सी.सी. रोड़ लागत राशि 16.29 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ । इस अवसर पर बीना विधायक एड श्रीमती निर्मला सप्रे ने कहा की बीना के विकास कार्यों को अब गति देने का काम हम सभी मिलकर करेंगे , बीना नगर स्वच्छ एवं सुंदर हो ये ज़िम्मेदारी हम सभी की है और इस ज़िम्मेदारी को पूर्ण करना है ।

भाजपा ज़िला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में चहूँमुखी विकास हो रहा है , और आने वाले समय में बीना विस्तृत होकर सुंदर नगर के रूप में देखा जाये , इसके लिए हम सभी प्रयासरत हैं । नपा अध्यक्ष श्रीमती लता सकवार ने भी वृक्षारोपण एवं स्वच्छता की बात करते हुए जनता अपील की ।

इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष रमाकान्त बिलगैयाँ , आचवल वार्ड पार्षद श्रीमती शशि तिवारी , वरिष्ठ नेता प्रकाश ठाकुर , जगदीश तिवारी , प्रह्लाद सिंह, शैलेश शाह, भूपेन्द्र ठाकुर, श्रीमती ज्योति सराफ़ , पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती सावित्री यादव , रमेश जड़ियाँ , प्रभात व्यास , कैलाश मिश्र , हरिहर बिलगैयाँ , प्रदीप श्रीवास्तव , मंगलसिंह राजपूत, ओमप्रकाश वैश्य , मनोहर रावत, जसवंत सिंह , ओमप्रकाश तिवार , पुष्पेन्द्र दूबे,मनीष चंदेल , संदीप ठाकुर, संदीप जै , नीतेश जैन, मनमोहन पटेरिया , सचिन कटारे, नरेश तिवारी,संजय विश्वकर्मा आदिश शाह राजकपुर पंथी देवीसिंह राजपूत अभिषेक लिटौरिया , विमल अहीरवार, सतीश कुर्मी , श्रीमति लक्ष्मी सराफ़ सहित स्थानीय नागरिक व पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम के पूर्व में सभी ने बूथ क्रमांक 103 पर देश के यशश्वि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 卐 मन की बात卐 कार्यक्रम को भी सुना ।

# राज्यसभा सांसद विवेक तनखा का सागर प्रवास के दौरान डॉ संदीप सबलोक ने आत्मीय स्वागत किया




परिहार गर्जना न्यूज। सागर / राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तनखा के सागर आगमन पर डॉ संदीप सबलोक ने अपने साथियों सहित पहुंचकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक पहलुओं और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। राज्यसभा सांसद विवेक तनखा नरसिंहपुर में स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां से निकले थे। सांसद विवेक तनखा के यहां पहुंचने पर डॉ संदीप सबलोक ने स्थानीय बमोरी चौराहा पर उनका आत्मीय स्वागत किया और जिले के राजनीतिक पहलुओं समेत विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा कर उनका मार्गदर्शन लिया। सांसद श्री विवेक तनखा के यहां पहुंचने पर मंडलम अध्यक्ष सुनील पावा, पार्षद ताहिर खान, कल्लू पटेल आदि ने भी उपस्थित होकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

# मध्य प्रदेश के नर्सिंग घोटाला एवं नीट परीक्षा लीक घोटाले को लेकर पुतला दहन किया जाएगा

परिहार गर्जना न्यूज। सागर/मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेश में हुए नर्सिंग कॉलेज घोटाले एवं नीट परीक्षा लीक घोटाले को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा चिकित्सा मंत्री का पुतला दहन किया जायेगा। पुतला दहन कार्यक्रम के लिए कांग्रेस जन 01 जुलाई को प्रातः 12 बजे सिविल लाइन चौराहे के पास एकत्र होंगे एवं पैदल मार्च करके कालीचरण चौराहे पर पुतला दहन करेंगे। उक्ताशय की जानकारी जिला शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने प्रेस को देते हुए बताया की नीट परीक्षा लीक से प्रदेश के लाखो बच्चो का भविष्य अंधकार में हो गया हैँ। जिनके समर्थन में पूरे प्रदेश की कांग्रेस मैदान में हैँ।

# बीना विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे के निवास पर नव निर्वाचित सांसद लता वानखेडे का स्वागत

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे के निवास पर नव निर्वाचित सांसद लता वानखेडे का स्वागत किया गया। सागर से नव निर्वाचित लोकप्रिय सांसद लता वानखेड़े का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ विधायक द्वारा निज निवास पर स्वागत किया गया इस अवसर पर पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे एवं सांसद का बड़े जोर शोर से स्वागत किया गया एवं सांसद द्वारा समस्त पार्टी के कार्यकर्ताओं का तहे दिल से अभिवादन स्वीकार किया गया। सांसद द्वारा कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार कर कहा की बीना विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयासों द्वारा आज हमारे लिए दिल्ली संसद में पहुंचाया गया



एवं भाभुक होकर सांसद ने कहा की कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण ऐतिहासिक विजय मिली है उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार मैं भी बीना विधानसभा के हर एक कार्यकर्ता के लिए विश्वास दिलाता हूं की विकास के लिए हर संभव सदैव तत्पर रहूंगी एवं कार्यकर्ताओं के विकास के कार्य के लिए पीछे नहीं हटूंगी।

विधायक निर्मला सप्रे द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ जोर-शोर से स्वागत किया गया विधायक जी द्वारा कहा गया की जिस तरह से आपने अपनी छोटी बहन को विजय दिलाई थी इस तरह बड़ी बहन सांसद श्रीमती डॉक्टर लता वानखेड़े के साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर बीना के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे एवं किसी भी विकास कार्य के लिए हर एक हर एक कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत एवं लगन से जो विश्वास बीना विधानसभा की जनता ने सांसद को जताया है। उसे पर हम दोनों बहने कंधे से कंधा मिलाकर दिन और रात एक कर बीना विधानसभा की देव तुल्य जनता के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे इस मौके पर विधायक द्वारा कहा गया कि यह सब हमारे भारतीय जनता पार्टी के एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन का परिणाम है जो तपती धूप में भी मेहनत करते रहे एवं अपनी पोलिंग को विजय श्री दिलाई ऐसे हमारे सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत के लिए सदैव हम आभारी रहेंगे भविष्य में किसी भी तरह की विकास कार्य के लिए सदैव तत्पर रहेंगे । इस मौके पर शहर मंडल अध्यक्ष शुभम तिवारी द्वारा सफलतम मंच संचालन किया गया एवं सांसद का पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता करोड़ी लाल यादव प्रकाश सिंह ठाकुर नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बेलगैया बैसरा रमेश जाडिया नाथू सिंह रतन सिंह यादव शैलेश शाह मुकेश पटेल अजय ठाकुर सुरेंद्र ठाकुर संतोष ठाकुर श्रीमती भारती राय चंद्रभूषण बड़कुल राजबाई दादी सुरेश सोनी संजय सिंह सचिन समय कृष्णा कुशवाहा नीतू राय रामकिशन पंथी कृष्णा भागीरथ पटेल खुशी लाल विश्वकर्मा रूप सिंह पटेल कुशवाहा शशि कुशवाहा राजा बाबू यादव श्रीकांत अजबिर सिंह ठाकुर पटेल सतीश पटेल अंकित पंथी योगेश दीक्षित शुभम ठाकुर सहित पार्टी के समस्त कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# फरमानों की अनदेखी- मैं चाहे ये करूं, मै चाहे वो करूं, मेरी मर्जी....

## मुख्यमंत्री का आदेशों का अमल करने से कतरा रहे हैं अधिकारी: विकास

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मुख्यमंत्री और राजधानी में बैठे अधिकारी कुछ भी निर्देश दें, लेकिन यहां होता वही है, जो यहां का प्रशासनिक अमला चाहे। ऐसे मामलों की जिले में कमी नहीं है, जिन पर शासन के निर्देशों के बाद भी मखौल उड़ाया जाता रहा है। इतना ही नहीं गलत जानकारियां भेज कर शासन को गुमराह करने के मामले भी अब तक यहां प्रकाश में आते रहे हैं। हाल ही में एक और ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें मुख्यमंत्री से लेकर कई अधिकारियों ने प्रशासन को निर्देशित ही नहीं किया, बल्कि कार्रवाई से अवगत कराने के लिए भी कहा है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इन निर्देशों की अनदेखी किए प्रशासन को छह माह से अधिक समय हो चला है, लेकिन न तो इन निर्देशों पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी अमल करा सके हैं और न ही प्रदेश के मुखिया। अब देखना है कि सरकार निर्देशों का मखौल उड़ाने वालों के खिलाफ क्या कदम उठाती है। यहां गौरतलब बात तो यह है कि जिला प्रशासन के अनेक अधिकारी अपनी मनमानी के लिए जाने जाते रहे हैं। इनमें राजस्व विभाग के कर्मचारी सबसे ज्यादा चर्चाओं में बने रहे हैं। बताया गया है कि बीजेपी नेता विकास यादव ने कहा है कि जिला प्रशासन जायज मांगों की भी अनदेखी करने में लगा है। इससे सरकार की छवि पर भी असर पड़ने लगा है। शासन के निर्देशों की अनदेखी करने वालों की शिकायत जल्दी ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से की जाएगी। श्री यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव की सरकार को बने 6 माह से भी अधिक समय बीत गया है, लेकिन टीकमगढ़ में जिला प्रशासन में बैठे अधिकारी उनके आदेश-निर्देश को कोई तबज्जों नहीं दे रहे हैं। उक्त आरोप भाजपा नेता विकास यादव ने जिला प्रशासन पर लगाते हुए कहा है कि आगामी 05 जुलाई को जिले के प्रवेश पर आ रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से इसकी शिकायत की जायेगी। श्री यादव ने बताया कि विगत 11 जनवरी 2024 को उन्होंने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने महावीर स्कूल के बगल में शासकीय नाले पर ग्राम तखा स्थित अवैध कॉलोनी पर कार्यवाई की माँग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भोपाल में मुलाकात की थी, जिसको उन्होंने गम्भीरता से लिया था और अगले ही दिन 12 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री के निर्देश पर उनके कार्यालय के अवर सचिव आदित्य शर्मा ने टीकमगढ़ कलेक्टर को श्री यादव के शिकायती पत्र पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने एवं की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिये गये थे। 02 फरवरी 2024 को नगर तथा ग्राम निवेश की सहायक संचालक अपूर्वा गंगराड़े ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टीकमगढ़ को इस मामले में वैधानिक कार्यवाही करने के लिये पत्र लिखा था। 07 फरवरी 2024 को राजस्व विभाग मध्यप्रदेश शासन के अवर सचिव राजेश कुमार कौल ने टीकमगढ़ कलेक्टर को पत्र भेजकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद 13 मई 2024 को भू-संपदा विनिमायक प्राधिकरण मध्यप्रदेश के उपसचिव एचपी वर्मा ने टीकमगढ़ कलेक्टर को पत्र भेजकर टीकमगढ़ नगर में निर्माणाधीन आवासीय कॉलोनियों पर रेरा एवं टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग के नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये थे, फिर 19 जून 2024 को नगर तथा नगर तथा ग्राम निवेश की सहायक संचालक अपूर्वा गंगराड़े ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टीकमगढ़ को पुन: पत्र भेजकर प्रकरण में वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं, परन्तु विगत 6 माह में प्रदेश सरकार से बार-बार निर्देश प्राप्त होने के बाद भी जिला प्रशासन हाथ पर हाथ रखे बैठा है। श्री यादव ने कहा है कि इससे स्पष्ट होता है कि कहीं न कहीं जिला प्रशासन की अवैध कालोनाईजर से गहरी सांठ-गांठ है।



***सीएम के निर्देशों पर अमल जरूरी-***

बीजेपी नेता विकास यादव ने कहा कि जिले में शासन की मंशानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। अवैध कालोनियों का निर्माण करने वाले कालोनाईजर मनमाने तरीके से कार्य कर शासन को लाखों रूपए का चूना लगाने में जुटे हैं। शासन द्वारा इस संबन्ध में दिए गए निर्देशों का मखौल उड़ाया जाता रहा है, जिससे यह साबित होने लगा है कि निजी स्वार्थ की पूर्ति करने में लगे अधिकारियों के लिए शासनादेशों का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि जारी निर्देश में कहा गया था कि जिले स्तर पर अधिकारी नई बन रही अवैध कॉलोनियों का सर्वे करेंगे। इतना ही नहीं वह कालोनाईजर को नोटिस देकर जबाब मांगेंगे। यदि कालोनाईजरों द्वारा आवश्यक अनुमतियाँ नहीं प्रस्तुत की जाती हैं, तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम, शहर या जिला प्रशासन ग्रामीण जमीन का अधिग्रहण करेगा और प्रशासक नियुक्त कर खाली प्लॉट बेचे जायेंगे। प्लाट बिक्री के बाद जो पैसा प्राप्त होगा, उसे कॉलोनी के विकास में लगाया जायेगा और संबंधित कालोनाईजर पर एफआईआर कराई जायेगी। श्री यादव ने जिला प्रशासन को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 5 जुलाई के पूर्व उक्त मामले में कार्रवाई नहीं की गई, तो टीकमगढ़ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री यादव से उनके आदेश की अवहेलना करने वाले अधिकारियों की शिकायत कर उन पर तत्काल कार्रवाई किये जाने की माँग की जायेगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

***प्रवास के दौरान करेंगे शिकायत***

मुख्यमंत्री मोहन यादव जल्दी ही टीकमगढ़ जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि वह यहां एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। बीजेपी नेता विकास यादव का कहना है कि उनके टीकमगढ़ प्रवास के दौरान मुलाकात कर यहां के बिगड़ते हालातों के बारे में चर्चा कर उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएम के निर्देशों का तबज्जो न देने वालों पर अंकुश लगाया जाएगा।

# उज्जवला योजना कनेक्शन देने में पैसा बसूलने वालों पर होगी कार्रवाई

## बसूले गए पैसा वापिस कराने के साथ ही तैयार किया पंचनामा

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जनता के साथ छलावा करने वाले कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई होगी, अब तक यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है। हालांकि हितग्राहियों के पैसे तो वापिस करा दिए गए हैं। बताया गया है कि जिले की ग्राम पंचायत मबई में रामराजा गैस एजेंसी पर उज्वला योजना के हितग्राहियों से कनेक्शन के नाम पर पैसे लिए जाने का मामला सामने आया है। लोगों की शिकायत पर तहसीलदार मामले की जांच करने पहुंचे। उन्होंने हितग्राहियों से पूंछतांछ की। इस दौरान हितग्राहियों ने गैस एजेंसी के कर्मचारियों पर 500 रुपए मांगने के आरोप लगाए। तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत मबई में रामराजा गैस एजेंसी पर हितग्राहियों से उज्वला योजना के कनेक्शन के नाम पर 500 मांगे जाने की शिकायत मिली थी। जानकारी लगते ही गैस एजेन्सी पर पहुंचकर हितग्राहियों से पूंछतांछ की गई। इस दौरान कई हितग्राहियों ने बताया कि नए गैस कनेक्शन के लिए 500 रुपए जमा कराए जा रहे हैं। लोगों की शिकायत पर तहसीलदार ने गैस एजेंसी के कर्मचारियों को फ्टकार लगाई। उन्होंने बताया कि जिन हितग्राहियों से गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने पैसे जमा कराए थे, ऐसे सभी हितग्राहियों के पैसे वापस कराए गए हैं। करीब 20 हितग्राहियों के पैसे वापस करा कर उन्हें उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। ऐसे में आश्चर्य की बात तो यह है कि दोषियों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। पैसे वापिस कराकर वाहवाही लूटने और गैस ऐजेंसी मालिक सहित कर्मचारियों पर कार्रवाई न होना ग्राम में चर्चा का विषय बना हुआ है। कहा जा रहा है दोषियों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई न कर केवल पैसे वापिस कराने से अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजमी है। अब देखना है कि गैस ऐजेंसी कर्मचारियों द्वारा शासन की मंशा के विरूद्ध कार्य करने पर क्या कार्रवाई की जाती है।



***पंचनामा बनाया है***

तहसीलदार ने बताया कि ग्राम पंचायत मबई में भारत गैस की इकलौती गैस एजेंसी है। हितग्राहियों के बयान के आधार पर पंचनामा बनाकर आगे की कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई हैं। साथ ही गैस एजेंसी के कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि उज्वला योजना के हितग्राहियों से किसी भी तरह की राशि वसूल ना की जाए। शासन की ओर से उज्वला योजना के हितग्राहियों को नि: शुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। अगर दोबारा इस मामले में शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चौकी अस्तौन पुलिस ने किया जिला बदर आरोपी को किया गिरफ्तार

## अवैध कट्टा-कारतूस बरामद

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे अभियान के दौरान अब तक अनेक अपराधियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। शातिर आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही अवैध हथियार और मादक पदार्थों की जप्ती का सिलसिला जारी बना हुआ है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान की जा रही गिरफ्तारियों के चलते अपराधियों में दहशत बनी हुई है। बताया गया है कि अस्तौन पुलिस के हाथों भी एक बड़ी कामयाबी लगी है। उन्होंने एक जिलाबदर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। बताया गया है कि निकटवर्ती तीर्थ स्थली कुंडेश्वर धाम के समीप स्थित पुलिस चौकी अस्तौन द्वारा जिला बदर आरोपी राव राजा उर्फ़ राघवेंद्र सिंह पिता गोविंद सिंह परमार निवासी तिंदारी के ऊपर कई प्रकरण पंजीकृत है। जिसे थाना कोतवाली टीकमगढ़ के द्वारा जिला वदर किया गया था। जिला बदर के दौरान आरोपी द्वारा 30 मार्च 2024 को राजू कुशवाहा अस्तौन की मारपीट कर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस चौकी द्वारा आरोपी को एक 315 कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया । आरोपी को गिरफ़्तार करने में एसआई सतीश त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक कमलेश सोनी, आरक्षक कोमल सिंह चौहान, संजय की मुख्य भूमिका रही।

## नए कानून के बारे में लोगों को किया जाएगा जागरुक-ससत्या

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। एक जुलाई से देश भर में तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। 25 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति ने तीन विधेयकों को अपनी मंजूरी दी थी। रविवार को नए कानून के बारे में एडिशनल एसपी सीताराम ससत्या ने पुलिस परेड ग्राउंड में लोगों को जानकारी दी। एडिशनल एसपी ने बताया कि देश के आपराधिक कानून में पहली बार व्यापक परिवर्तन किए गए हैं। एक जुलाई 2024 को पूरे देश में नया आपराधिक कानून लागू होने वाला है। नए आपराधिक कानून की जानकारी के लिए जिले भर में जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि धाराएं कम और ज्यादा आईपीसी की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता में 358 धारा होंगी। आईपीसी में 511 धाराएं थी। इस तरह से काफी धाराएं घटा दी गई हैं। जबकि सीआरपीसी की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संरक्षण संहिता में 531 धाराएं होंगी। सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। इस तरह से इसकी धाराओं की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है।

***सभी थानों में आयोजित होंगे कार्यक्रम-***

एडिशनल एसपी ने बताया की नए कानून की जागरूकता के लिए 1 जुलाई को जिले के सभी थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ आम लोगों को नए कानून के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला मुख्यालय पर एसपी की उपस्थिति में कार्यक्रम होगा।

# विनम्रता व्यक्ति को शिखर तक पंहुचाती है:-न्यायधिपति प्रेम नारायण सिंह

**-नवनिर्वाचित अध्यक्ष के नेत्रत्व मे पन्ना जिला अभीभाषक संघ नई उंचाईया छुयेगा:-सुश्री भावना साधो**
**-राज अधिवक्ता परिषद सदैव पन्ना के अधिवक्ताओ के सहयोग के लिए तत्पर रहेगी:-श्री गुप्ता**
**-जिला अभीभाषक संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपंन्न**

**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिला अभीभाषक संघ का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय सान्वी होटल मे गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यपर्ण के साथ किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जबलपुर उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति प्रेम नारायण सिंह उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषर जबलपुर के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सुश्री भावना साधो तथा पूर्व अध्यक्ष राज्य अधिवक्ता परिषर राजेंश पान्डेय उपस्थित रहें। कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों का जिला अभीभाषक संघ के पदाधिकारीयों द्वारा माल्यर्पण के साथ किया गया। तत्पश्चात् उपस्थित मुख्य अतिथि द्वारा नवनिर्वाचित जिला अभीभाषक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव उदय त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पंकज गर्ग, सह सचिव धर्मेन्द्र पान्डेय तथा पुस्तकालय अध्यक्ष्र धर्मेन्द्र नामदेव को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात् उपस्थित अतिथियों के लिए स्वागत भाषण जिला अभीभाषक संघ्न के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने संबांधित करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसे मे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाउंगा तथा अधिवक्ताओ की हर



समस्याओं के संबंध में आंगे खडा रहुंगा, उनके अधिकार दिलाने एवं अन्य सुविधाओं के लिए सभी के सहयोग से कार्य करूंगा तथा सभी अधिवक्ताओं को एक साथ लेकर चलने का हर संभव प्रयास करूंगा। तत्पश्चात् कार्यक्रम को संबोंधित करते हुए मुख्य अतिथि न्यायधिपति प्रेम नारायण सिंह ने कहा कि विनम्रता व्यक्ति को शिखर तक पंहुचाती है इस लिए व्यक्ति किसी भी पद पर हो उसके अन्दर विनम्रता होना बहुत आवश्यक है। क्योकि विनम्र व्यक्ति हर मनुष्य के दिल मे राज्य करता है। इसी प्रकार उन्होने आंगे कहा कि अध्यक्ष का दायित्व सभी को लेकर चलने का होता है। तत्पश्चात् कार्यक्रम को संबोंधित करते हुए अध्यक्षता कर रहे राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता ने कहा कि पन्ना जिले के अधिवक्ताओ के सहयोग के लिए वह हमेशा तत्पर रहेगें। पन्ना जिला के लोग बहुत अच्छे तथा सम्मान देने वाले लोग है। हमारे द्वारा हर संभव सहयोग हमेशा किया जायेगा। तत्पश्चात् कार्यक्रम को संबोंधित करते हुए द्वारा विशिष्ट अतिथि एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश भावना साधो ने संबोंधित करते हुए कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष के नेत्रत्व में पन्ना जिला अभीभाषक संघ नई उंचाईयों को छुयेगा। कार्यक्रम में वरिष्ट अधिवक्ताओं का नवनिर्वाचित संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयो द्वारा साल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन लक्ष्मीनारायण द्विवेदी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन नव निर्वाचित सचिव उदय त्रिपाठी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम मे वरिष्ट अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष जेके राव तेलंग, शुसील खरे, असलम खान, स्माईल खान, भास्कर देव बुन्देला, किशेर श्रीवास्तव, दीपक उपाध्याय, सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण, पत्रकारगण, एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।

# पन्ना छतरपुर रोड स्मृति वन के पास अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

## एक की मौत एक घायल

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना छतरपुर रोड स्मृति वन के पास किसी अज्ञात वाहन द्वारा मोटर साईकिल चालक को टक्कर मार दी। जिसमें एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत



हो गई तथा दूसरा गंभीर घायल है। जिसका ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जानकारी के अनुसार म्रतक रमईया आदिवासी उम्र 30 वर्ष निवासी इटवां खास हाल मनौर मे रहता था। जिसकी मृत्यु हो गई है तथा राजा भईया आदिवासी पिता छुट्टन आदिवासी उम्र 25 वर्ष निवासी मनोर दोनो लोग सप्ताहिक बाजार करके वापिस मनौर जा रहे थें। उसी दौरान घटना घटित हुई है। म्रतक का शव पीएम हाऊस मे रखा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली टीआई रोहित मिश्रा घटना स्थल पंहुचे थे तथा 108 एम्बूलेंस के माध्यम से म्रतक एवं घायल को जिला अस्पताल भेजने का तत्काल प्रबंध किया गया है। म्रतक का पोस्ट मार्टम करके शव परिजनो को सौप दिया गया है।

# रवी प्रकाश खरे जिला शिक्षा अधिकारी बने

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/वरिष्ट व्याख्याता तथा डाईट के प्राचार्य पद का दायित्व निभा रहें रवी प्रकाश खरे को जिला शिक्षा अधिकारी का दायित्व सौपा गया है। श्री खरे अपने काम के प्रति लगन शील तथा शासन द्वारा सौपे गयें कार्यो को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते है। उन्हे कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ज्ञात हो कि जिला शिक्षा अधिकारी का पद संभाल रहें सूर्यभूषण मिश्रा 30 जून को अपनी सेवा अवधि पूर्ण करते हुए सेवानिवृत्त हो गयें



है। जिन्हे विभाग द्वारा विदाई दी गई है। श्री खरे को शिक्षा अधिकारी बनाये जाने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों, शिक्षक गणो, ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा शिक्षा व्यवस्था सुधारने की उम्मीद की है।

# पुलिस तथा खाद्य विभाग की टीम ने भारी मात्रा मे पकड़ा नकली घी, आरोपी फरार

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले मे नकली खाद्य पदार्थ व्याप्क स्तर पर विक्रय हो रहे है। खाद्य विभाग की टीम सिर्फ औपचारिकता निभाकर कार्यवाही के नाम पर दिखावा करते





ही नजर आती है। जिसके चलते नकली खाद्य पदार्थ का कारोबार करने वाले तस्कर फल-फूल रहे है। पन्ना नगर मे नकली खोवा, नकली मिठाईया, नकली दूध, क्रीम तथा घी का कारोबार चल रहा है। इसी क्रम में सूचना मिलने पर इन्द्रपुरी कालोनी स्थित एक किराये के मकान मे रहने वाले नकली घी कारोबारी के घर पर छापामार कर लगभग नौ सौ क्विंटल घी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि इन्द्रजीत गुप्ता पिता रामेश्वर गुप्ता निवासी क्यूटरा मुक्तिधाम बांदा जो किराये का मकान लेकर कई वर्षो से इंद्रपुरी कालौनी में रहता था तथा नकली घी का कारोबार करता था। सूचना मिलने पर पुलिस तथा खाद्य एवं औषधी विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्यवाही करते हुए आठ सौ पचास लीटर नकली घी बरामद किया गया जो प्लास्टिक के 56 डिब्बो मे भरा हुआ था बताया जाता है कि वह 300 रूपये किलो के हिसाब से घी का विक्रय करता था। टीम की जानकारी मिलने पर उक्त कारेबारी फरार हो गया। फिलहाल खाद्य विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त खाद्य विभाग की जप्ती तैयार की है। कार्यवाही मे खाद्य निरीक्षक राजेश राय तथा कोतवाली प्रभारी रोहित मिश्रा, चौकी प्रभारी शक्ति पान्डेय, एएसआई रामकृष्ण पान्डये आदि उपस्थित रहें। स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर से समस्त होटलो एवं खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले संस्थानो की जांच कराये जाने की मांग की है।

# शाहनगर पुलिस ने पकड़ा ईक्कीस लाख का गांजा

## महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा के नेत्रत्व में पुलिस द्वारा लगातार अपैध मादक पदार्थ विक्रय एवं भंडारण करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 28 जून को शाहनगर पुलिस द्वारा गांजा बेचने वाले पकडे है। जिनके कब्जे से 107 किलो गांजा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत 21 लाख आंकी जा रही है। जानकारी के अनुसार शाहनगर थाना प्रभारी द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पुलिस पहुची जहाँ पुलिस टीम को देखकर



दो व्यक्ति एवं एक बालिका भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 107 किलो गांजा तीन प्लास्टिक की बोरियों मे पकडा गया। जिसके संबंध में आरोपीयों ने बताया कि उक्त गांजा उडिसा से ला कर कुछ क्षेत्र मे विक्रय किया जाता है। उक्त मामले मे दो अन्य आरोपी है जो गांजा लाने मे मदद करते है। आरोपियों के विरूध्द थाना शाहनगर मे अपराध क्रमांक 208/24 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। गिरफ्तार आरोपीयों में निरजेश पिता क्रमताल बहेलिया उम्र 20 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर जिला पन्ना, किरकन बहेलिया पिता राजकुमार बहेलिया उम्र 24 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर जिला पन्ना एवं एक विधिविरूध्द बालिका शामिल है। तथा फरार आरोपीयों में रखरू पिता नुक्ति उम्र 25 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर, नजर बाई पति संहिसा उम्र 23 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर शामिल है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पवई सौरभ रत्नाकर, थाना प्रभारी शाहनगर निरी. रजनी शुक्ला, सायबर सेल प्रभारी उनि0 अनिल सिहं, थाना प्रभारी पवई सुयश पाण्डेय, थाना प्रभारी रैपुरा उनि0 मनोज यादव, थाना शाहनगर से उनि0 संतोष मशराम, सउनि0 अवधराज उइके. प्र0आर0 ईदुल बक्श, आर0 दिनेश, रविन्द्र आदि का योगदान रहा।

# हम खुद के लिये बहुत आभूषण बनवाते हैं, खरीदते हैं, लेकिन धरती की सजावट वृक्षों से है, इस अभियान में सरकार का साथ दें और बढ़चढ़कर हिस्सेदारी करें-कलेक्टर श्री कोचर

## -वृक्षारोपण की थीम एक वृक्ष माँ के नाम और एक वृक्ष माँ के साथ अभियान15 जुलाई से प्रारंभ किया जायेगा

## -कलेक्टर श्री कोचर ने बैठक में एनजीओ, सामाजिक संस्थाओं सहित अधिकारियों से की चर्चा

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह = 30 जून। इस बार दमोह का तापमान 45 से 47 डिग्री तक चला गया था, तो हमें वृक्षों को धरती का आभूषण बनाना है, हम खुद के लिए तो बहुत आभूषण बनवाते हैं, खरीदते हैं और उसको पहन करके जाते हैं, लेकिन धरती की सजावट वृक्षो से है, तो वृक्षारोपण के इस अभियान में सरकार का साथ दें और बढ़कर हिस्सेदारी करें। जिले में वर्षा ऋतु का आगमन हो गया है और वर्षा ऋतु के आगमन के साथ एक बड़ी एक्टिविटी हम करते हैं, जो गतिविधि लेते है, वह वृक्षारोपण है। इस बार प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी द्वारा वृक्षारोपण की जो थीम ली गई है, एक वृक्ष माँ के नाम और एक वृक्ष माँ के साथ। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित वृक्षारोपण संबंधी बैठक के दौरान कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, सीईओ जनपद, एनजीओ एवं सामाजिक संस्थाओं सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।



कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले में सरकार के और समाज के प्रयासों से हम अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर सकें, इसके लिए, एक बहुत डिटेल कार्य योजना बनाई है, इसमें दो-तीन तरह के काम किए जाएंगे, पहला जितने सरकारी परिसर है, जिसमें वन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के परिसर या छात्रावास या कोई भी शासकीय कार्यालय उसके आसपास वृक्षारोपण का प्लान किया है।

बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस वृक्षारोपण से सभी जुड़ सकते हैं इसके अलावा दूसरे तरह का वृक्षारोपण भी किया जायेगा जैसे जो सार्वजनिक स्थान है, शमशान घाट, पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थान जहां पर खाली जमीन पड़ी हुई है और जो किसी काम में नहीं आ रही है, उन जगहों पर वृक्षारोपण का प्लान आमजन के सहयोग से किया जायेगा। उन्होंने कहा स्मृतिवन विकसित करने की योजना हैं, जिसमें अपने पूर्वजों की याद में वृक्ष लगा सकते हैं, उसके लिए भी प्लानिंग है और जल्दी ही बताएंगे कि कहां पर वह वृक्षारोपण होगा। इसी प्रकार खुद अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिक स्वयं वृक्ष लगाएं, उसकी फोटो खींचे और पोर्टल पर अपलोड करें। इसके लिए एक और व्यवस्था कर रहे हैं कि थोड़े समय के बाद यहां पर वन विभाग के सहयोग से एक मोबाइल वाहन यहां पर चलेगा, जिसमें की बहुत कम दरों पर वृक्ष और पौधे आपको उपलब्ध होंगे, यह पौधे खरीद सकते हैं और उन्हें लगा सकते हैं।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा शीड बॉल बनाने का काम, जिसको साधारण हिंदी में बीज बम यानी की मिट्टी का ऐसा गोला जिसमें आम की गुठली, निबोली का बीज, जामुन की गुठली और अलग-अलग तरह के बीज रख सकते हैं और उन शीड बॉल को अलग-अलग जगहों पर बिखरा सकते है, जैसे कि पहाड़ों पर, मैदानों में बिखरा सकते हैं और वर्षा का पानी आने के बाद वे बीज रोपित हो सकते हैं, इस तरह का काम भी इसमें लिया गया हैं।

कलेक्टर श्री कोचर ने सभी जिले वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने माता-पिता की स्मृति में या माता-पिता के साथ वृक्षारोपण करिए और उसकी फोटोग्राफ लीजिए और पोर्टल पर अपलोड कीजिये। सरकार जो आयोजन कर रही है इसमें भी आपको आमंत्रित करेंगे आप अपने माता-पिता के साथ आईये और वृक्षारोपण करने का काम कीजिये। इसके अलावा अपने स्तर पर स्वयं भी पौधे खरीद कर उनको अपने घर के सामने या अन्य जगहों पर लगा सकते हैं। इस अभियान को 15 जुलाई से बहुत तेजी से प्रारंभ किया जाये और इसके बारे में आगे की सूचनाएं समय-समय पर दी जायेंगीं। जिला प्रशासन की सोशल मीडिया हैंडल लगातार देखते रहे और वृक्षारोपण के इस पुनीत कार्य में भाग ले।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने सभी एनजीओ, सामाजिक संस्थाओं से पौधारोपण के संबंध में विस्तृत चर्चा की और उनके सुझाव को मनन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने पौधा रोपण करने हेतु जगह चिन्हित करने के साथ इस पुनीत कार्य में सभी से सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

# जिले में हम इस लक्ष्य को संपूर्णता में हासिल कर सकें यह हमारा उद्देश्य-कलेक्टर श्री कोचर

## -सभी आकांक्षी जिलों और आकांक्षी विकासखण्डों में 01 जुलाई से एक अभियान चलाया जा रहा है जिसका नाम है संपूर्ण अभियान

## -भारत सरकार के 6 इंडीकेटर्स शत-प्रतिशत पूर्ण किये जाने कार्य योजना की गई तैयार

## -04 से 06 जुलाई के बीच इस अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में होगा

परिहार गर्जना न्यूज।दमोह = 30 जून। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा 01 जुलाई 2024 से देश के सभी आकांक्षी जिलों और आकांक्षी विकासखण्डों में एक अभियान चलाया जा रहा है जिसका नाम संपूर्ण अभियान है। आकांक्षी जिला और आकांक्षी विकासखंड या एसपिरेशनल डिस्ट्रिक्ट और एसपिरेशनल ब्लॉक उसे कहते हैं, जिसे भारत सरकार ने आईडेंटिफाइ किया है, जहां किसी समय में अधिक पिछड़ापन था और उसको आईडेंटिफाई करने के बाद, वहां पर अलग-अलग विकास के सूचकांको पर काम हो रहा है, ताकि यह जो जिले हैं यह विकास की श्रेणी में अग्रणी बन सके और हमारे जिले की बात की जाए तो दमोह आकांक्षी जिला भी है और तेंदूखेड़ा ब्लॉक आकांक्षी विकासखंड की श्रेणी में आता है। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संपूर्ण अभियान के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान कही। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा सहित, सीईओ जनपद, एनजीओ और सामाजिक संस्थायें मौजूद थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं आजीविका मिशन के अधिकारी भारत सरकार द्वारा 6 इंडीकेटर्स शत-प्रतिशत पूर्ण किये जाने कार्य योजना तैयार की गई।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा नीति आयोग भारत सरकार ने एक अभियान लिया है 01 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक जिसका नाम संपूर्ण अभियान रखा गया है, जैसा की शब्द से समझ में आता है, संपूर्ण यानी पूरा। इन्होंने 6 अलग-अलग इंडिकेटर दिए हैं और यह अपेक्षा की है कि शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा जो गर्भवती महिलाएं हैं उनको पहले त्रीमास में जो ए.एन.सी. की जांचे है, जो स्वास्थ्य केंद्रों के अंदर होती है, वह शत-प्रतिशत महिलाओं की हो जाए। दूसरा हाई ब्लड प्रेशर और हाइपरटेंशन इनकी जांच हो जाए, इसके अलावा स्व-सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज मिल जाए, इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को पूरा पोषण आहार आंगनबाड़ियों के माध्यम से मिल जाए जिसको टेक होम राशन कहा जाता हैं। अलग-अलग लक्ष्य है जिन लक्ष्यों को इस अभियान के अंतर्गत पूरा करना है। बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने कहा स्कूलों में शत-प्रतिशत बच्चों को 30 सितंबर से पहले किताबें मिल जाए, 167 हाई सेकेंडरी स्कूल है इन सभी स्कूलों में बिजली की सुविधा प्राप्त हो जाए। 01 जुलाई से 30 सितंबर के बीच इन लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त कर लिया जाये, इसके लिए पूरी कार्य योजना बनाकर के काम प्रारंभ किया जा रहा है, 4 जुलाई से 6 जुलाई के बीच में भारत सरकार के निर्देशानुसार इस अभियान की लॉन्चिंग जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामय उपस्थिति में होगी। एक कार्यक्रम तेंदूखेड़ा, एक पथरिया, एक हटा में होगा और एक जिला स्तरीय कार्यक्रम दमोह में भी होगा। इन कार्यक्रमों में लक्ष्य से संबंधित हितग्राहियों को संबंधित हितलाभ भी दिये जायेंगे। इसमें स्वाइल हेल्थ कार्ड बनाने का काम भी किया जायेगा , जो भी किसान भाई है, उनके खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य परीक्षण करने का काम कराया जाएगा, स्वाइल हेल्थ कार्ड दिए जाएंगे। उद्घाटन कार्यक्रमों में कुछ चयनित हितग्राहियों को बुलाकर लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ शिविर भी लगाए जाएंगे और वहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं की एएनसी जांचे भी होंगी। उन्होंने कहा संपूर्णता अभियान का उद्देश्य है, कुछ चिंहित इंडिकेटर पर हम शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करके लक्ष्य को प्राप्त कर लें। कलेक्टर श्री कोचर ने आग्रह करते हुए कहा यदि किसान भाई ऐसे हैं, जिनका स्वाइल हेल्थ कार्ड नहीं बना है, वह अपने स्वाइल हेल्थ कार्ड इस अभियान के अंतर्गत बनवा सकते हैं। यदि स्वाइल हेल्थ कार्ड नहीं बना है, तो दमोह हेल्पलाइन नंबर पर या सोशल मीडिया हैंडल पर बता सकते हैं, यदि किसी गर्भवती महिला को एएनसी जांच पहले 3 महीने में करनी है, वह नहीं हुई है तो जानकारी में लायें, उनकी पहले तीन माह वाली जाचें कराकर दी जायेगी। यदि किसी हायर सेकेंडरी स्कूल में बिजली की सुविधा नहीं है या बिजली है लेकिन वह बंद पड़ी है, इसकी जानकारी दीजिए, इसे सुधरवाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा यदि कोई गर्भवती महिला है और उन्हें टेक होम राशन नहीं मिल रहा है, तो बताएं उन्हें टेक होम राशन दिलवाया जायेगा। सभी अधिक से अधिक लाभ लें ताकि हमारे जिले में हम इस लक्ष्य को सिचुरेशन तक ले जा सके, यानी संपूर्णता में हासिल कर सकें, यह हमारा उद्देश्य है।

# ग्राम जमुनिया में पीड़ित परिवार के यहां पहुचे राज्यमंत्री श्री पटेल

## शोक संवेदनाएं व्यक्त कर स्वेच्छानुदान मद से हर संभव आर्थिक सहायता देने का दिया आश्वासन

दमोह। विगत दिनों जिले के पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम जमुनिया गांव में करीब एक किलोमीटर दूर तालाब में नहाने गई दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई थी। रोशनी पिता नारायण आदिवासी उम्र 12 वर्ष और प्रियंका पिता कपूरे आदिवासी उम्र 13 वर्ष तालाब में नहाने गई थी। इस दौरान तालाब में दोनों मासूम डूब गई थी। उक्त घटना की जानकारी मिलते ही प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल आदिवासी परिवार के घर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने पहुंचे, इस दौरान उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए शोक प्रकट किया।



राज्यमंत्री श्री पटेल ने पीड़ित परिवार को स्वेच्छानुदान मद से हर संभव आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया।और पीड़ित परिवार को शासन से मिलने वाली सहायता राशि जल्द ही मुहैया कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने पथरिया थाना प्रभारी सुधीर बेगी सहित संबंधित अधिकारियों को उक्त सहायता राशि दिलवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द ही सहायता राशि मिल सके। राज्यमंत्री श्री पटेल के साथ शोक व्यक्त करने में पार्षद योगेश चौधरी, सीमांत चौरसिया साथ थे।

# भारत के विश्व चैंपियन बनने पर हुई आतिशबाजी, रात्रि में मनाया गया जश्न

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत की टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर विश्व विजेता बनकर भारतवासियों को बेहतरीन तोहफा दिया है। टी 20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की रोमांचक जीत के बाद जिला मुख्यालय पर रात्रि में ही अधिकांश स्थानों पर आतिशबाजी कर मिष्ठान का वितरण कर जश्न मनाया गया हालांकि बिजली विभाग के द्वारा पूरे दिन बिजली आपूर्ति न किए जाने से क्रिकेट प्रेमियों में थोड़ी सी निराशा देखने को मिली लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारियों के द्वारा पूरे दिन भारी मेहनत करते हुए रात्रि 10 बजे के लगभग बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से प्रारंभ की गई जिसके बाद क्रिकेट प्रेमियों के द्वारा भारत की गेंदबाजी का आनंद टीवी स्क्रीन पर उठाया गया हालांकि भारतीय टीम की बल्लेबाजी का आनंद भी अधिकांश क्रिकेट प्रेमियों के द्वारा बिजली न रहने से मोबाइल की स्क्रीन पर लिया गया। ञ्च20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला लगभग प्रत्येक घर में क्रिकेट प्रेमियों के द्वारा देखा गया और जैसे ही रात्रि 11ः30 पर भारतीय टीम के द्वारा फाइनल मुकाबले की आखिरी गेंद फेंकते हुए विश्व चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया गया तो संपूर्ण नगर में आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। ञ्च20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले के दिन बिजली विभाग के द्वारा 7 घंटे की कटौती की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी जिसके चलते अधिकांश क्रिकेट प्रेमियों के द्वारा अपने मोबाइल की बैटरी को मैच के आनंद के लिए बचा के रखा गया तथा भारत की बल्लेबाजी का आनंद मोबाइल पर ही लिया गया और रात्रि 10ः00 बजे के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू होने पर क्रिकेट प्रेमियों के द्वारा मैच का आनंद टीवी स्क्रीन पर लिया गया और जैसे ही भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका की टीम को दिए गए 177 रन के लक्ष्य को मैच की आखिरी गेंद पर साउथ अफ्रीका की टीम को 169 रन पर ही रोककर विश्व चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया तो संपूर्ण नगर में भारी उत्साह के साथ आतिशबाजी करते हुए जश्न मनाया गया तथा भारतीय टीम की जीत पर एक दूसरे को बधाई एवं भारतीय टीम को शुभकामनाएं दी गई।

***इनका कहना है***

हमारे देश के लिए गौरव की बात है हम चौथी बार वर्ल्ड कप जीते हैं टीम इंडिया की जीत पूरे देश की जीत है और ञ्च20 वर्ल्ड कप की जीत से हमारे देश का मान सम्मान सर्वोच्च शिखर पर पहुंचा है। फाइनल मुकाबले को जीतने में मुख्य भूमिका विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव की रही है और फाइनल मुकाबले की जीत पर हम सभी क्षेत्रवासियों देशवासियों एवं टीम इंडिया को बधाई शुभकामनाएं देते हैं।

***श्रीमती सरोज प्रेमचंद राय अध्यक्ष जिला पंचायत निवाड़ी***

ञ्च20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला पूरा देश देख रहा था और हम भी ञ्च20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला देख रहे थे और जैसे ही भारत विश्व विजेता बना तो हमारी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ञ्च20 वर्ल्ड कप जीत कर हमारा भारत देश विश्व विजेता बना है जिसके लिए हम सभी क्षेत्रवासियों देशवासियों के साथ टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हैं। हमारा देश नंबर वन था नंबर वन है और नंबर वन ही रहेगा।

***श्रीमती निरंजन जैन अध्यक्ष जनपद पंचायत निवाड़ी***

17 वर्ष बाद इतनी बड़ी जीत हमारे देश की हुई है यह हमारे देश के लिए गौरवशाली दिन रहा है। पूरा देश टीम इंडिया की जीत से खुश हैं हमारे देश की टीम ने संदेश दिया है कि हमने विश्व की टीमों को हराकर विश्व विजेता की ट्रॉफी पर कब्जा किया है इसके साथ-साथ टीम इंडिया की जीत हमारे देश के युवाओं के लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जिस तरह प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे थे उससे हमारे देश के युवाओं में निराश हो रही थी लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व विजेता का खिताब जीतकर हमारे देश की युवाओं में जोश का संचार किया है हम सभी देशवासियों एवं टीम इंडिया को विश्व विजेता बनने पर बधाई देते हैं।

***श्रीमती रोशनी यादव सदस्य जिला पंचायत निवाड़ी***

वर्ल्ड कप हम लोग काफी दिनों के बाद जीते हैं संपूर्ण देश के लिए बहुत खुशी का दिन है। हमारे देश की टीम ने संपूर्ण वर्ल्ड कप के दौरान प्रत्येक मैच में काफी अच्छा प्रदर्शन किया और फाइनल मुकाबले में हमारी टीम ने जो बोलिंग की है उसने देशवासियों का दिल जीत लिया। हमने भी पूरा मैच देखा और अब हम अपने देश की टीम को विश्व चैंपियन बनने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।

***श्रीमती किरण अहिरवार पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र टीकमगढ़***

# वार्ड नंबर 8 में सुना गया प्रधानमंत्री के मन की बात का आयोजन



परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 111वॉ एपिसोड आज लोकसभा चुनाव के लगभग 3 माह बाद प्रसारित किया गया जिसको वार्ड नंबर 8 में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा शिक्षक देवेंद्र वर्मा के घर पर सुना गया हालांकि कार्यक्रम का आयोजन सार्वजनिक रूप से घर के बाहर मैदान में रखा गया था लेकिन वर्षा होने के चलते प्रधानमंत्री के मन की बात का कार्यक्रम घर के अंदर टीवी के माध्यम से सुना गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत की अध्यक्षता श्रीमती निरंजना जैन के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा शिक्षक देवेंद्र वर्मा के परिजनों के द्वारा जनपद अध्यक्ष श्रीमती निरंजना जैन का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई मन की बात में केरल के छाता एवं आंध्र प्रदेश की कॉफी का जिक्र करते हुए एक वृक्ष मां के नाम लगाने का आवाहन किया गया जिसके उपरांत नगर की प्राचीन धरोहर मस्जिद के पीछे स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ नंद किशोर नापित नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार पार्षद महेंद्र सिंह दांगी भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिनेश दुबे रोहन मनी जैन प्रमोद कुशवाहा अमित गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्री मरई माता मंदिर पर आज होगा सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन

निवाड़ी। नगर में वार्ड नंबर 6 मुडारा रोड पर स्थित प्रसिद्ध माता का मंदिर श्री श्री 1008 श्री मरई माता मंदिर पर आज दिनांक 1 जुलाई को पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समस्त नगरवासियों के सहयोग से आयोजित पांच कन्याओं के सामूहिक विवाह में बर पक्ष से 5100 रुपए एवं बधू पक्ष से 2100 रुपए का शुल्क लेकर विवाह में वधू पक्ष को दान दहेज का लगभग सभी सामान दिया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि धार्मिक स्थल श्री मरई माता मंदिर पर आज शाम 3ः00 बजे से धार्मिक विधि-विधान के साथ पांच कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन होगा तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# तीन नए कानून की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए पुलिस चलाएगी जागरूकता अभियान

निवाड़ी। भारत सरकार के द्वारा संपूर्ण देश में 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम तीन नए कानून लागू किये जा रहे हैं जिनकी जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर के निर्देशन में पुलिस विभाग द्वारा दिनांक 1 जुलाई से जिले के सभी थाना क्षेत्र एवं पुलिस चौकी क्षेत्र पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए तीनों कानून लागू किये जा रहे हैं जिसमें महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में पीड़ितों की समस्याओं को केंद्र में रखकर अपराधियों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है तथा भारत सरकार द्वारा अब ई एफ आई आर की सुविधा भी आमजन को दी जा रही है जिसके चलते अब पीड़ित कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस थाने में दर्ज करा सकते है। पुलिस प्रशासन द्वारा समस्त थाना क्षेत्र में भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय दंड संहिता के तुलनात्मक विवरण के पोस्टर भी लगाए गए हैं ताकि आने वाले किसी भी फरियादी या आमजन को नवीन आपराधिक कानून की विभिन्न धाराओं व प्रावधान के संबंध में जानकारी रहे और उन्हें किसी भी प्रकार से भ्रमित ना किया जा सके। पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया ने समस्त पत्रकारों से अपील करते हुए कहा है कि कल दिनांक 1 जुलाई से लागू हो रहे नवीन आपराधिक कानून प्रक्रिया को अधिक से अधिक लोगों तक अपने संस्थान के माध्यम से पहुंचाएं।

# अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी

छतरपुर। फ्रांस की सांस्कृतिक राजधानी तुलुस में दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा एवं इंजीनियर सुरेंद्र गुप्ता के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस एवं उष्ण कटिबंधीय दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में श्री शर्मा ने नशा मुक्ति एवं प्रकृति संरक्षण पर जोर दिया और बताया कि शाकाहारी होने पर ही प्रकृति का संरक्षण संभव है, आज जिस तरह से नगरीकरण बढ़ रहा है और वातावरणीय गर्मी बढ़ रही है उससे समुद्र तटीय शहरों और नगरों के अस्तित्व और



भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है, गर्मी बढ़ने से ग्लेशियर से निकलने वाली सभी नदियां जिनमें गंगा, यमुना, ब्रम्हपुत्र, सिंधु आदि नदियां प्रमुख हैं, इन नदियों के जलस्तर में वृद्धि होती है और इससे यदि समुद्र के जलस्तर में 1 सेमी की भी वृद्धि होती है तो इससे न केवल समुद्र तटीय शहरों बल्कि महासागरीय टापुओं और मालदीव, मारीशस, लक्षद्वीप जैसे कई द्वीपों का अस्तित्व मिट जायेगा, इसके अतिरिक्त सामान्य तौर पर पर्यावरण असंतुलन पैदा होने पर बढ़ती गर्मी, बढ़ती सर्दियों या बरसात से मानव जाति के अस्तित्व पर भी प्रश्न चिन्ह लग जायेगा, और जिस तरह पर्यावरण परिवर्तन से डायनासोर जैसे विशाल प्राणी आज विलुप्त है वैसे ही मनुष्य भी विलुप्तप्राय हो सकता है, यह गंभीर चुनौती और चिंता का विषय है इसलिये पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीरता से प्रयास किये जाने चाहिये और पर्यावरण संरक्षण तभी सक्रियता से हो सकता है जब हम सभी शाकाहारी हो जाये और सभी प्रकार के नशों से हम दूरी बनाकर रखें, नशा मुक्त होने से हम अपने स्वास्थ्य संवर्धन पर ध्यान देंगे और सभी प्रकार की बीमारियों से मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं, हम सभी ने कोरोना काल के दौरान देखा है कि किस तरह मानवीय गतिविधियों के न्यून होने पर प्रकृति ने अपने पुराने खोये हुए स्वरूप को प्राप्त कर लिये इसलिए यदि हम प्रकृति की गतिविधियों में दखलंदाजी बंद करेंगे तभी प्रकृति संवर्धन और संरक्षण हो पायेगा। गोष्ठी में हरे रामा हरे कृष्णा (इस्कॉन), प्रजापिता ब्रह्माकुमारी एवं फ्रेंच विचारक स्वामी पर्वत जी, कृष्णा जी, गोपाल जी और हार्टफुलनैस से मुख्तारिया बासिफ आदि उपस्थित रहे।

# इंडिया की क्रिकेट वर्ल्ड कप की जीत की खुशी में युवा अधिवक्ता ने किया रक्तदान

छतरपुर। जिला छतरपुर में युवाओं द्वारा एक अनूठी मिसाल कायम की गई आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने जानकारी देते हुए बताया की भारत की क्रिकेट में 20 20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में जीत की खुशी को युवाओं ने एक नए अंदाज रक्तदान करके उत्सव के रूप में मनाया



जिसमे युवा अधिवक्ता दिव्यांश पांडे ने आपाजी ब्लड ग्रुप के माध्यम से स्वेक्षिक रक्तदान किया साथ ही उनके दोस्तो में राजवर्धन मिश्रा दिलीप दुबे वा यश गुप्ता ने रक्त परीक्षण करवाया अधिवक्ता दिव्यांश पांडे का ये पहला रक्तदान है उन्होंने अपने अनुभव में संदेश देते हुए बताया की वतन की मोहब्बत से बडकर कोई धर्म नही आज फाइनल क्रिकेट में हिंदुस्तान की जीत की खुशी में हम लोग अपने साथियों के साथ किसी असहाय की रक्तदान से मदद करके उत्सव के रूप में मनाने आए है युवाओं की इस सोच को लेकर आपाजी ब्लड ग्रुप और ब्लड बैंक स्टाफ ने खूब सराहना की और शुभकामनाएं दी।

# स्कूटी से नशीली दवायें बेचने वाला गिरफ्तार

## मेडिकल स्टोर संचालक की हो रही है तलाश



छतरपुर। जिले में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मंशा से पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है, जिसका पालन करते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई है। सिविल लाइन पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध स्वापक औषधि और मन प्रभावित पदार्थ अधिनियम तथा मध्य प्रदेश ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इसके अलावा जिस मेडिकल सप्लायर से आरोपी ने नशीली दवाएं खरीदी थीं उसकी तलाश की जा रही है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे ने बताया कि विगत रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान सटई रोड पर एक संदेही द्वारा स्कूटी की डिग्गी में नशीली सामग्री छुपाकर बेचे जाने की सूचना मिली थी। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम ने सटई रोड की ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी के पास हरे रंग की स्कूटी लिए खड़े संदेही से पूछताछ की और स्कूटी की डिग्गी खुलवाकर जांच की, जिसमें डिग्गी से कोडीन फास्फेट एंड ट्राई प्रोलीडीन हाइड्रोक्लोराइड सीरप की 9 सीसी, अल्प्रज़ोरम टेबलेट की 159 गोलियां, प्यीयोंन स्पेस प्लस के 8 कैप्सूल और मिसोफ़ेक्स टैबलेट की 7 किट बरामद हुई। चूंकि आरोपी के पास प्रमाणित दस्तावेज नहीं थे इसलिए उसे तत्काल हिरासत में लिया गया। साक्ष्यों के अनुसार उक्त दवाओं का प्रयोग युवा नशे के लिए करते हैं और इसे अवैध रूप से बेचने के लिए लाया गया था। उक्त दवाओं के साथ-साथ आरोपी की स्कूटी को जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम गौरव सिंह चौहान निवासी सटई रोड बताया है। गौरव सिंह को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। गौरव द्वारा जिस मेडिकल सप्लायर से उक्त दवाएं खरीदी गईं थीं उसे भी पुलिस खोज रही है।

# भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.सुधांशु त्रिवेदी सपरिवार बागेश्वर धाम पधारे

## बालाजी के दर्शन कर लिया आशीर्वाद



छतरपुर। दुनिया भर में आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित हुए बागेश्वर धाम में भक्तों के आने का क्रम जारी है। यहां आने वाले आम और खास लोगों को बालाजी की कृपा प्राप्त हो रही है। बीती रात भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रखर वक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी बागेश्वर धाम पहुंचे जहां उन्होंने बालाजी का आशीर्वाद लिया। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बागेश्वर धाम की शक्तियों की महिमा के बारे में डॉ त्रिवेदी को बताया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी शनिवार रात अपने परिवार के साथ बागेश्वर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराज श्री से भेंट की। महाराज श्री ने डॉक्टर त्रिवेदी का आत्मीय स्वागत किया महाराज श्री प्रखर वक्ता को बालाजी के दर्शन करने ले गए उन्होंने बागेश्वर महादेव जी के दर्शन करा कर उनकी शक्ति के बारे में जानकारी दी। महाराज श्री ने डॉ त्रिवेदी को बताया कि गढा गोंड़ राजाओं के अधीन था। आसपास के कई गांव का यह गढ़ था इसलिए इसको गढा कहा गया है। महाराज श्री ने बालाजी के दर्शन कराने के बाद सन्यासी बाबा और दादा गुरुदेव के दर्शन करा कर प्रेतराज के वृक्ष के दर्शन कराते हुए बागेश्वर धाम की शक्तियों के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सनातन धर्म के महत्व को बारीकी से समझाने वाले डॉ त्रिवेदी ने धाम आकर खुद को गौरवान्वित महसूस किया।

# शहर में नहीं थम रही तालिबानी मारपीट की घटनायें

## एक और नाबालिग लड़के को मारपीट करने का वीडियो हो रहा है वायरल, चार पर मामला दर्ज

छतरपुर। गत सप्ताह कोतवाली थाना क्षेत्र में कुछ अपराधियों द्वारा एक युवक के साथ की गई तालिबानी मारपीट का मामला अभी शांत ही हुआ था कि एक बार फिर कोतवाली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़के को असमाजिक तत्वों द्वारा पीटे जाने की घटना सामने आई है। ताजा मामले का सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 4 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पीड़ित किशोर ने बताया कि वह शहर की हनुमान टौरिया के पीछे रहता है। शनिवार की शाम को किसी काम से बाजार गया था इसी दौरान रात करीब साढ़े 8 बजे हटवारा के समीप नशे में धुत्त करीब आधा दर्जन युवकों ने उसे रोक लिया और पैसे मांगने लगे। जब किशोर ने पैसे देने से मना किया तो उक्त युवकों ने मिलकर मारपीट शुरु कर दी, वहीं कुछ आरोपी अपने मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। यह पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं पीड़ित किशोर ने परिजनों के साथ थाना कोतवाली में शिकायत की जिस पर पुलिस ने आरोपी मुस्तकिम मंसूरी, रंगीला खान, वारिश मंसूरी और फरदीन खान के विरुद्ध धारा 327, 323, 294, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरु की है।



# बगौता में हुई मारपीट की घटना के तीन और आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। दिनांक 16 जून 2024 को ग्राम बगौता में कुछ लोग एकत्रित होकर पीड़ित को गंभीर चोटें पहुंचाते हुए हत्या के प्रयास की घटना को अंजाम दिया गया था। थाना सिविल लाइन में हत्या का प्रयास, बलवा सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे एवं पुलिस टीम द्वारा बलवा कर हत्या के प्रयास से संबंधित दो आरोपियों संदीप कुशवाहा उम्र 23 साल, राजेश कुशवाहा उम्र 28 साल निवासी लक्ष्मण कॉलोनी सटई रोड छतरपुर को गिरफ्तार कर लिया गया था। शेष आरोपियों की तलाश जारी थी।



आज पुलिस टीम द्वारा घटना से संबंधित तीन आरोपी हरिश्चंद्र कुशवाहा पिता राजू कुशवाहा उम्र 22 साल, कमली बाई कुशवाहा पति राजू कुशवाहा उम्र 40 साल, पूजा कुशवाहा पति संदीप कुशवाहा उम्र 24 साल को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। उक्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। बलवा कर हत्या के प्रयास के प्रकरण के पांच आरोपी गिरफ्तार किया जा चुके हैं, अन्य संबंधित आरोपियों की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक बाल्मीक चौबे, उनि. धर्मेन्द्र राजपूत, प्रआर. नीलम घोष, राजीव मिश्रा, काजीरजीउद्दीन, राजू वर्मा, नीलम, आर. चन्द्रशेखर, युवराज सिंह, दिनेश मिश्रा, उपासना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# क्षेत्र का माहौल खराब करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी पिपट उप निरीक्षक वीरेंद्र रैकवार एवं पुलिस टीम ने ग्राम लखनगंवा में शांति व्यवस्था भंग कर क्षेत्र का माहौल खराब करने वाले दो आरोपियों धीरज पटना पिता मथुरा प्रसाद दुबे एवं गौरव दुबे पिता मथुरा प्रसाद दुबे निवासी ग्राम लखनगंवा को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त धीरज पटना एक आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध वर्ष 2009 से अभी तक मारपीट, गाली गलौच संबंधी 4 अपराध दर्ज हैं। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध 2 दिवस पहले महिला सरपंच को अपशब्द बोलने पर भारतीय दंड विधान एवं एससी एसटी एक्ट के तहत अपराध भी पंजीबद्ध किया गया था। दोनों अभियुक्तों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तहत गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।




# अवैध हथियार का फरार बारंटी गिरफ्तार

छतरपुर। पुलिस अधीक्षकअगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी गौरिहार निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर व पुलिस टीम द्वारा वर्ष 2001 के अवैध हथियार संबंधी फरार स्थाई वारंटी शिव सिंह खंगार निवासी ग्राम कटरा थाना गौरिहार जिला छतरपुर को उसी के ग्राम कटरा से गिरफ्तार किया गया। वर्ष 2001 के अवैध हथियार संबंधी प्रकरण के फरार स्थाई वारंटी आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।




**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321